हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

10 शहर के कई क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था बदहाल



11 अनाज मंडी में दिनभर फसल को सुखाने में जुटे रहे श्रमिक



श्री KVM SUPER SPECIALITY HOSPITAL
आपकी सेहत हमारी जिम्मेदारी
24/7 EMERGENCY SERVICES
अब विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं आपके शहर में श्री KVM सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल के साथ।
nephroplus विश्वस्तरीय डायलिसिस सेवाएं
Free OPD
50% off
• Ultra Sound • CT Scan
• X-ray
on Wednesday & Saturday
PANELS AVAILABLE
1. ADITYA BIRLA TPA
2. HDFC ERGO
3. MD INDIA TPA
4. RELIANCE TPA
5. ACKO GENERAL TPA
6. STAR HEALTH TPA
7. ICICI LOMBARD TPA
8. PARK MEDICLAIM TPA
9. MEDSAVE TPA
10. Galaxy Health Insurance Co Ltd
11. Bajaj General Insurance Limited
12 IFFCO TOKIO TPA
13. FHPL TPA
14. Cholamandalam MS TPA
15. Generali Central Insurance
16. Liberty General Insurance
17. Magma General Insurance
18. Raheja QBE General Insurance Company
19. Reliance General Insurance
20. Royal Sundaram General Insurance
21. United India Insurance Company
22. Universal Sompo General Insurance
23. Zuno General Insurance
24. Manipal Cigna Health Insurance Company
25. Navi General Insurance
26. Tata AIG General Insurance Company
27. The New India Assurance Company
28. Go Digit General Insurance
29. Raheja QBE General Insurance Company
SIMLI, NEAR VILLAGE KARONTHA ROHTAK JHAJJAR ROAD, ROHTAK
70820-03220 7300-7300-83



खबर संक्षेप

शहीद स्मारक व टी-55 टैंक का अनावरण आज

बहादुरगढ़। गांव नूना माजरा स्थित शहीदी पार्क में शनिवार को शहीद स्मारक व वार ट्रॉफी टी-55 टैंक के अनावरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल विनीत गौड़ मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में शहीद परिवारों को सम्मानित करने के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह शहीद परिवारों के स्वागत और सम्मान के साथ होगी। इसके बाद मुख्य अतिथि का स्वागत किया जाएगा। फिर सवा 10 बजे शहीद स्मारक और इसके बाद टी-55 टैंक का अनावरण किया जाएगा। उड़ान सेवा समिति, नूना माजरा, लोवा खुर्द, देशलपुर गांव की पंचायतों व समस्त ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

नप की सामान्य बैठक तीन नवंबर को

झज्जर। नगर परिषद द्वारा आगामी तीन नवंबर को एक सामान्य बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि मंगलवार प्रातः दस बजे होने वाली इस बैठक में डिवाइडर पर बागवानी व आकर्षक लाइट लगाने, गुरुग्राम रोड, बहादुरगढ़ रोड, रोहतक रोड व दादरी रोड पर स्वागत द्वार बनवाने, अनुपूरक बजट खर्च की सीमा दस करोड़ रुपये रखने, सफाई कर्मचारियों को पन्द्रह हजार रुपये त्योहार भत्ता की अग्रिम राशि देने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

वोटर की आपत्तियों की अंतिम तिथि 20 नवंबर

झज्जर। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों अनुरूप चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए जिला प्रशासन सक्रियता से कार्य कर रहा है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एसआईआर के तहत जारी सभी नोटिस पर सुनवाई की तिथि बढ़कर अब 20 नवंबर हो गई है। ऐसे में यह कार्य आगामी 20 नवंबर तक पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि आगामी 30 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। उन्होंने कोताही न बरतने के निर्देश दिए।

प्रेम बंसल बने अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष

बहादुरगढ़। भारतीय अग्रवाल महासभा की ओर से प्रेम बंसल को जिला झज्जर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पूनम सिंगला की अनुमति के बाद प्रेम बंसल की नियुक्ति का निर्णय लिया गया है। साथ ही उन्हें जिला झज्जर की कार्यकारिणी गठित करने का अधिकार भी दिया गया है। महेंद्र गोयल ने प्रेम बंसल को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। प्रेम बंसल ने इस जिम्मेदारी के लिए महासभा के पदाधिकारियों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।

बहादुरगढ़ रोड पर रासलवाला मोड़ के नजदीक बड़ा हादसा

बाइक सवार चाचा-भतीजे को ट्रक ने कुचला, आरोपी फरार

- पाहसौर निवासी रविंद्र व रोहित झज्जर से रात साढ़े नौ बजे अपने गांव लौट रहे थे वापस, हादसे के बाद वाहन छोड़कर आरोपी ट्रक चालक मौके से भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

शहर के बहादुरगढ़ रोड स्थित रासलवाला मोड़ के नजदीक बाइक सवार चाचा-भतीजे को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान जिले के गांव पाहसौर निवासी करीब पचास वर्षीय रविंद्र पुत्र लक्ष्मीचंद व करीब 24 वर्षीय रोहित पुत्र राजेश के तौर पर हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविंद्र वीरवार की शाम अपने भतीजे रोहित के साथ किसी काम से बाइक पर झज्जर आए थे। रात करीब साढ़े नौ बजे जब वे काम निपटाकर वापस गांव लौट रहे थे तो रासलवाला मोड़ से थोड़ा आगे उन्हें एक ट्रक ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रविंद्र व रोहित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ कर मौके से भाग निकला। इस दौरान सड़क पर अव्यवस्था की स्थिति बन गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कराते हुए रास्ता सुचारू कराया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। शुक्रवार की सुबह मृतक रोहित के भाई गुलशन की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है।

कार की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत, बेटा घायल

बहादुरगढ़। बादली में कार की चपेट में आने से बाइक सवार किसान की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में क्रेटा गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान प्रदीप के रूप में हुई है। बादली का रहने वाला प्रदीप पेशे से किसान था। जानकारी के अनुसार, वीरवार को वह अपने बेटे यनेस के साथ बाइक पर सवार होकर खेत से घर जा रहा था। जब इस्माइलपुर चौक के पास पहुंचे तो एक गाड़ी की चपेट में आ गए। दोनों बाइक से गिरे और चोटिल हो गए। उन्हें बादली के एक अस्पताल में ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते परिजन प्रदीप को बहादुरगढ़ के एक अस्पताल में ले आए। यहां उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मेट्रो स्टेशन के इंचार्ज से स्थानीय लोगों ने मिलकर लगाई गुहार

टिकरी बॉर्डर से सेक्टर-9 तक मेट्रो लाइन के नीचे बंद पड़ीं स्ट्रीट लाइटें

- मेट्रो अधिकारियों ने बताया -इन लाइटों का जिम्मा नगर परिषद के पास, वह करवाएंगे ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में टिकरी बॉर्डर से सेक्टर-9 तक मेट्रो लाइन के नीचे लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले करीब चार साल से बंद पड़ी हैं। इससे शाम होते ही मेट्रो कॉरिडोर के नीचे का काफी हिस्सा अंधेरे में डूब जाता है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बहादुरगढ़ के तीनों मेट्रो स्टेशनों के इंचार्ज विशाल से मुलाकात की और लाइटों की स्थिति की जानकारी ली।

मेट्रो स्टेशन इंचार्ज विशाल ने अपने इलेक्ट्रीशियन राजेश सैनी से प्रतिनिधिमंडल की बात करवाई। इसके बाद राजेश सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को तीनों मेट्रो स्टेशनों का दौरा करवाया और मेट्रो के नीचे लगी लाइटों के संबंध में जानकारी दी। टिकरी बॉर्डर से सेक्टर-9 तक मेट्रो लाइन के नीचे लगी स्ट्रीट लाइटों के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि इनकी जिम्मेदारी नगर परिषद की है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सनवीर दलाल, पप्पू दलाल, बलराज दलाल, कर्मबीर परनाला और पवन गर्ग ने बताया कि मेट्रो कॉरिडोर के नीचे लगी लाइटें लंबे समय से बंद हैं। करीब चार साल से इन लाइटों के नहीं जलने के कारण सड़क के नीचे का हिस्सा अंधेरे में रहता है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों, राहगीरों और आसपास के क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शहर में रात के समय आवागमन को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए स्ट्रीट लाइटों का चालू रहना बेहद जरूरी है। विशेषकर मेट्रो कॉरिडोर के नीचे अंधेरा रहने से दुर्घटनाओं और अन्य असुविधाओं की आशंका बनी रहती है।



बहादुरगढ़। मेट्रो अधिकारियों से मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

नप से समाधान की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद के अधिकारियों और चेयरपर्सन से मांग की है कि टिकरी बॉर्डर से सेक्टर-9 तक मेट्रो के नीचे लगी सभी बंद लाइटों की जांच करवाई जाए और उन्हें जल्द ठीक कराया जाए। साथ ही भविष्य में भी इनकी नियमित देखरेख की व्यवस्था की जाए, ताकि शहरवासियों को अंधेरे की समस्या से राहत मिल सके।

चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दिखाया दम

एचडी के पूर्व छात्र देव ने नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के पूर्व विद्यार्थी देव ने चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र, जिले व देश का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कोच हितेश गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देव कुमार ने अंडर-18 आयु वर्ग की 1000 मीटर दौड़ मात्र 2 मिनट 26 सेकंड में पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ देव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया है।

एच डी ग्रुप के सचिव हेमंत गुलिया ने कहा कि उनके संस्थान के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वहीं एच डी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं प्राचार्या प्रीति राठी ने होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रामीण क्षेत्र में फूड एंड सेफ्टी टीम ने किया निरीक्षण, विभिन्न दुकानों से लिए 21 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

त्योहारी सीजन के चलते खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए फूड एंड सेफ्टी विभाग सख्त है। विभागीय टीम द्वारा निरंतर जिले के विभिन्न मिष्ठान भंडारों व खाद्य सामग्री की दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी शहरी क्षेत्र के अलावा जिले के गांव कासनी, डावला, ढाकला, सुबाना में विभिन्न दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए 21 सैंपल एकत्रित किए। फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर डॉक्टर राजेश वर्मा ने बताया कि विभिन्न दुकानों से एकत्रित किए गए सैंपलों में खोया बर्फी के ग्यारह, पेड़े के दो, पनीर का एक, मिल्क केक का एक, रसगुल्ले के तीन, गुलाब जामुन के दो और लड्डू के दो सैंपल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा विभिन्न दुकानों से लिए गए सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता का पता लगाया जा सके। जांच उपरांत सेंपल की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना तथा मिलावटखोरी करने वालों पर शिकंजा कसना है।



झज्जर। खाद्य सामग्री की दुकानों से लिए गए सैंपल को सील करते हुए टीम सदस्य।

विकास | विधायक राजेश जून ने सौंदर्यीकरण कार्य का किया शुभारंभ

46 लाख से संवरेंगे 5 पार्क व ग्रीन बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-7 हाउसिंग बोर्ड के पार्क और ग्रीन बेल्ट जल्द ही हरी-भरी होंगी। विधायक राजेश जून ने पार्षद ज्योति पवन रोहिल्ला की उपस्थिति में सेक्टर-7 के मुख्य पार्क सहित 4 पार्कों और ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यकरण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। करीब 46 लाख रुपए की लागत से यह काम करवाया जाएगा।

विधायक राजेश जून ने बताया कि सेक्टर-7 में मुख्य पार्क सहित चार पार्कों और ग्रीन बेल्ट का सौंदर्यकरण कराया जाएगा। मुख्य पार्क में योगा शेड बनने से लोगों को योग और व्यायाम के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्य टेंडर में निर्धारित मानकों के अनुरूप करवाया जाएगा। पार्षद ज्योति पवन रोहिल्ला ने पार्कों के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ कराने पर विधायक राजेश जून का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्कों के सौंदर्यकरण और सुविधाओं से जुड़े ये कार्य करीब तीन साल पहले हो जाने चाहिए थे, लेकिन अब विधायक राजेश जून के प्रयासों से यह कार्य शुरू हो पाया है।

उन्होंने कहा कि वार्ड में विकास कार्यों को लेकर विधायक का पूरा सहयोग और समर्थन मिल रहा है। क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी विकास कार्यों का सिलसिला जारी रहेगा। इस अवसर पर पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, अशोक शर्मा, राजेश मकड़ौली, अनिल सिंगल, हरिमोहन धाकरे आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सेक्टर-7 में विकास कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

70 एमएम बरसात से मौसम में घुली ठंडक

बहादुरगढ़। इलाके में दो दिन से मौसम बदला हुआ है। वीरवार की तरह शुक्रवार को भी दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और रिमझिम बूंदें गिरती रहीं। दो दिनों में इलाके में 70 मिलीमीटर से अधिक बरसात दर्ज की जा चुकी है। मौसम में ठंडक घुल गई है और तापमान में गिरावट आई है। लोगों की दिनचर्या में भी काफी असर देखने को मिल रहा है। दरअसल, वीरवार की सुबह इलाके में बरसात का दौर शुरू हुआ था। यह सिलसिला रुक रुककर रात तक जारी रहा। वीरवार सुबह से शुक्रवार सुबह तक इलाके में 69.8 एमएम बरसात हुई। हालांकि शुक्रवार की सुबह भी आसमान में बादल छाए रहे और करीब 11 बजे रिमझिम शुरू हो गई। दोपहर तक रुक रुक कर फुव्वार गिरती रहीं। सूरज बादलों में छिपा रहा। दोपहर के वक्त अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। वातावरण में ठंडक घुल गई है।

एकजुट भारत के लिए आज दौड़ेंगे जिलावासी

झज्जर। राष्ट्रीय एकता के मुख्य वास्तुकार एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ साथ बहादुरगढ़, बेरी और बादली में उपमंडल स्तर पर रन फॉर यूनिटी व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह साढ़े छह बजे महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी को सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहन लाल कौशिक व जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना द्वारा एकता की शपथ दिलाने के साथ ही हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया जाएगा।

रन फॉर यूनिटी आज

बहादुरगढ़। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार 31 अक्टूबर को बहादुरगढ़ में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून और पूर्व विधायक नरेश कौशिक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजन शनिवार सुबह साढ़े 6 बजे बालौर रोड स्थित महिला महाविद्यालय से शुरू होगा। इस दौड़ में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और शहरवासियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। दौड़ बालौर चुंगी से होते हुए सेक्टर-9 और सेक्टर-9ए की डिवाइडर रोड तक पहुंचेगी। इसके बाद जिमखाना क्लब के मोड़ से वापस लौटते हुए प्रतिभागी बालौर चुंगी के रास्ते महिला महाविद्यालय पहुंचेंगे।

खबर संक्षेप

वित्तीय बाजार की कार्यप्रणाली समझाई

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में भारत में वित्तीय बाज़ारः उभरते रुझान, अवसर और चुनौतियां विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य भारतीय वित्तीय बाजारों की कार्यप्रणाली, वर्तमान रुझानों, अवसरों एवं चुनौतियों से परिचित करवाना रहा। मुख्य वक्ता वाणिज्य प्राध्यापक दीपक ने विद्यार्थियों को वित्तीय बाजारों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्टॉक एवं शेयर की अवधारणा, ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध डिजिटल एप्स, ट्रेडिंग की प्रक्रिया तथा देश की अर्थव्यवस्था में वित्तीय बाजारों के महत्व को सरल भाषा में समझाया और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से वित्तीय बाजारों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

झज्जर। शहर के सिलानी गेट स्थित वार्ड नंबर आठ में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील यादव के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि वीरवार की रात सुनील कुमार की अचानक तबीयत खराब हो गई और वह उल्टियां करने लगा। जब तबीयत अधिक बिगड़ी तो परिजन उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्ट्या यह मामला हार्ट अटैक का प्रतीत होता है। परिजनों के बयान पर इस संबंध में इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा स्थायी समाधान, बीमारियां फैलने का बना अंदेशा

शहर के कई क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था बदहाल, लोग बेहाल

सड़कों पर फैल रहा दूषित पानी, दुर्गंध बनी परेशानी

- सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाकर समस्या से छुटकारा दिलवाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के भट्टी गेट, मेन बाजार, महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम के पीछे वाली गली, सीताराम गेट, सरकुर्लर रोड सहित कई क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था बदहाल होने के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। जिसके कारण उठ रही दुर्गंध के चलते जहां वातावरण प्रदूषित हो रहा है, वहीं लोगों को बीमारियां फैलने का भी डर सताने लगा है। बार बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिसके कारण संबंधित विभाग और जिला प्रशासन के प्रति लोगों में रोष बना हुआ है। आमजन की मांग है कि सीवरेज व्यवस्था दुरूस्त करवा कर समस्या से छुटकारा दिलाया जाए।



झज्जर। सड़क पर फैला सीवरेज का दूषित पानी। फोटो : हरिभूमि

सिटी पल्स

नालियों के कनेक्शन सीवरेज में जोड़ने से बढ़ी समस्याः विनीत



रिवाला गेट निवासी विनीत पोपली ने बताया कि ठेकेदार ने अंडरग्राउंड नाली का निर्माण करते समय दूसरी ओर से आने वाली दो नालियों के कनेक्शन सीवरेज में जोड़ दिए थे। उनके अनुसार इसके बाद से सीवरेज जल्दी ओवरफ्लो होने लगे और समस्या लगातार बढ़ती चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद सफाई कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते, जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

मेनहॉल से लगातार हो रहा गंदे पानी का रिसावः बलवान



भट्टी गेट निवासी बलवान सरोहा ने बताया कि गली में गंदे पानी का रिसाव बंद नहीं हो रहा है। शिकायत करने पर कर्मचारी सफाई कर देते है। कुछ दिनों बाद फिर पहले जैसी स्थिति बन जाती है। जिसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समस्या के स्थाई समाधान की मांग की है।

घर से निकलना हुआ मुश्किलः धर्मेंद्र उर्फ लाला



महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम के पीछे लगती लगी निवासी धर्मेंद्र उर्फ लाला ने बताया कि उनके घर के सामने ही सीवरेज के मेनहॉल से लीकेज काफी समय से हो रही है। दिन भर उठने वाली दुर्गंध से जीना मुहाल हो रखा है और बीमारियां फैलने का डर सताने लगा है। वार्ड पार्षद और अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिसके कारण परेशानी हो रही है।



बहादुरगढ़। विस्तार व्याख्यान के दौरान उपस्थित छात्राएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भूगोल में भविष्य के विकल्पों पर व्याख्यान

बहादुरगढ़। शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में प्लेसमेंट सेल द्वारा भूगोल में करियर के अवसरः भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों में उभरते रुझान विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एमडीयू रोहतक के भूगोल विभाग के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. मेहताब सिंह ने शिरकत की। डॉ. मेहताब सिंह ने 1826 में फोटोग्राफी के आविष्कार से लेकर 1850 में गुब्बारों, 1873 में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एनर्जी तथा 1909 में हवाई जहाज से फोटोग्राफी तक की ऐतिहासिक विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को बताया कि भौगोलिक स्थानों के विश्लेषण एवं नेविगेशन में जीआईएस एक प्रभावशाली डिसिजन सपोर्ट टूल के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने गूगल अर्थ की महत्त्वपूर्ण भूमिका तथा एनईपी के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को इंफ्रास्ट्रक्चर, कंस्ट्रक्शन, कंप्यूटर एवं पायथन प्रोग्रामिंग के साथ कार्टोग्राफर, डेमोग्राफर, जीआईएस ऑफिसर/प्लानर, लेक्चरर, रिसर्चर, प्रोजेक्ट मैनेजर, इकोलॉजिस्ट एवं सिविल सेवाओं जैसे विविध क्षेत्रों में भूगोल विषय की व्यापक रोजगार एवं करियर संभावनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. रविंद्र यादव, डॉ. ममता, नीरज, ज्योति पांडेय व डॉ. रितु गहलावत ने अहम सहयोग कियया। इस अवसर पर डॉ. मेहर सिंह व डॉ. मनोज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को भूगोल विषय में उपलब्ध नवीनतम तकनीकी एवं व्यावसायिक अवसरों से परिचित कराया।

पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में अपेक्षा व प्राची प्रथम

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभाग एवं इको क्लब के तत्वावधान में जैव विविधता संरक्षण विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष अरविंद कुमार, प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष आन्या सांगवान तथा इको क्लब संयोजक डॉक्टर पूजा ने किया। जिसमें बीएससी लाइफ साइंस प्रथम वर्ष की अपेक्षा व प्राची ने पहला, बीएससी लाइफ साइंस प्रथम वर्ष की मधु एवं लक्षिता ने दूसरा तथा बीएससी लाइफ साइंस प्रथम वर्ष के हितेश एवं बीएससी लाइफ साइंस द्वितीय वर्ष की उर्वशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



झज्जर। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

फुटवियर पार्क में पुलिस अधिकारियों का अभिनंदन

बहादुरगढ़। फुटवियर पार्क एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का अभिनंदन किया गया। एसोसिएशन के सदस्यों ने एसीपी रमेश गुलिया, एसएचओ सत्यवीर व चौकी इंचार्ज सुनील सहित अन्य पुलिस अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन की ओर से सुभाष जग्गा, विकास आनंद सोनी, मनोज सिंघल, पवन जैन, अजय खट्टर, कंवर भान, विपिन मल्होत्रा व सिद्धार्थ दुबे आदि उपस्थित रहे। एसोसिएशन के सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और उद्योग जगत की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस विभाग की भूमिका की सराहना की।



बहादुरगढ़। एसीपी रमेश गुलिया को गुलदस्ता देते एसोसिएशन सदस्य। फोटो : हरिभूमि



वरिष्ठ वर्ग में होली फेथ स्कूल बुपनिया अव्वल

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा की ओर से शाखा स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न स्कूलों की कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में 16 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य कॉलेज के प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप के प्रांतीय संगठन सचिव मूलचंद जोशी ने की। जिला समन्वयक सतीश शर्मा और सह समन्वयक मुकेश बंसल विशेष रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ वर्ग में होली फेथ स्कूल बुपनिया ने प्रथम स्थान, वैश्य आर्य कन्या स्कूल ने दूसरा तथा परनाला पीएम श्री स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में वैश्य आर्य कन्या स्कूल ने प्रथम, होली फेथ स्कूल ने द्वितीय और एसआर सेंचुरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राध्यापिका पूजा शर्मा और विजय पुन्हानी ने मंच संचालन किया। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने टीम 29 नवंबर को पानीपत में होने वाली प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रमेश गुप्ता, प्राचार्या अंजू अग्रवाल, विकास अग्रवाल, रमेश गुप्ता, विरेंद्र कौशिक, रमणीक सिंघल आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़ः कैंप में जांचा 80 अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य

बहादुरगढ़। बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ द्वारा प्रधान एडवोकेट विक्रम सिंह छिल्लर के नेतृत्व में बालाजी एक्शन अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 80 अधिवक्ताओं ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सतीश छिकारा द्वारा किया गया। प्रधान विक्रम छिल्लर ने कहा कि अधिवक्ता दिनभर न्यायालयों में व्यस्त रहने के कारण अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता, खेलकूद, अधिवक्ता कल्याण एवं बार परिसर के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपप्रधान संजय कुमार, ज्योति कौशिशक, लाइब्रेरियन हिमांशु सहरावत, पूर्व प्रधान संदीप गुलिया, पूर्व उपप्रधान चांद जून तथा पूर्व सचिव राजदीप छिल्लर सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।



राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों की आंखें जांची

बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या सुमन हुड्डा के मार्गदर्शन में यूथ रेडक्रॉस तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने विद्यार्थियों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए समय पर जांच करवाने की सलाह दी। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज कुमार व उनकी टीम द्वारा विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। उन्हें दृष्टि संबंधी समस्याओं, चश्मे के नंबर की आवश्यकतानुसार जांच और आंखों की उचित देखभाल के संबंध में विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने विद्यार्थियों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दृष्टि विद्यार्थियों के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वॉलीबॉल में करेज-रिस्पेक्ट हाउस का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक स्फूर्ति और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में शुक्रवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन, टीम वर्क और आपसी सहयोग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में नौंवी से दसवीं कक्षा तक के बालिका वर्ग में करेज हाऊस को पहला, ऑनेस्ट हाऊस को दूसरा व रिस्पेक्ट हाऊस को तीसरा स्थान मिला। ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा तक के बालक वर्ग में करेज हाऊस पहले, रिस्पेक्टर हाऊस दूसरे व ऑनेस्ट हाऊस तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में रिस्पेक्ट हाऊस की छात्राएं प्रथम, ऑनेस्टर हाऊस की छात्राएं द्वितीय व ट्रस्ट हाऊस की छात्राएं तृतीय रहीं। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि वॉलीबॉल केवल एक खेल नहीं, बल्कि एकता, सहयोग, अनुशासन और नेतृत्व का प्रतीक है। मैदान पर खिलाड़ी सीखते हैं कि कैसे एक टीम के रूप में लक्ष्य को प्राप्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि समर्पण व खेल को खेल की भावना से खेलना हार-जीत से बढ़कर महत्वपूर्ण है।



झज्जर। मैच के दौरान खेल मैदान में उपस्थित प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

नशा व यातायात नियमों के प्रति छात्रों को किया जागरूक

बहादुरगढ़। पुलिस की ओर से गांव रोहद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया और नशे तथा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। निरीक्षक दयानंद ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके पारिवारिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, अपने आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। उन्हें वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विद्यार्थियों को एसपीसीबी के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

- रोहद के राजकीय वमावि में कार्यक्रम का आयोजन



बहादुरगढ़। रोहद स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

गांव जाखोदा में जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू



बहादुरगढ़। जाखौदा में हो रही प्रतियोगिता में रविंद्र छिल्लर का स्वागत करते ग्रामीण।

बहादुरगढ़। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन गांव जाखोदा स्थित राजकीय हाई स्कूल में दो दिवसीय सीनियर जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर बराही ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए आयोजकों को 21 हजार रुपए की धनराशि भेंट की। रविंद्र छिल्लर बराही ने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। आज खेलों के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस अवसर पर सरपंच राजवीर दलाल, बलवान कोच, ब्लॉक पार्षद प्रतिनिधि विजय दलाल, मास्टर डीपी रामकिशन, कपूर सिंह, मास्टर रामकिशन, जगवीर काला, कलवंत नंबरदार, देवेंद्र, सुरेश, गांधी, चांद, जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगेंद्र रुहिल, उपाध्यक्ष गौरव सांगवान व महासचिव रविंद्र हुड्डा आदि मौजूद रहे।

पुराने दस्तावेजों को सहेजना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी : डीसी



झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि अनेक परिवारों और संस्थाओं के पास पीढ़ियों से पुराने ऐतिहासिक दस्तावेज, महत्वपूर्ण पत्र, दुर्लभ तस्वीरें, सरकारी रिकॉर्ड तथा सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक घटनाओं से जुड़े अभिलेख सुरक्षित रखे हुए हैं। ये अभिलेख न केवल बीते समय की घटनाओं के प्रमाण हैं, बल्कि तत्कालीन प्रशासनिक व्यवस्था, सामाजिक जीवन, आर्थिक गतिविधियों, धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं। ऐसे दस्तावेजों का उचित संरक्षण आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। उन्होंने जिला वासियों से हरियाणा राज्य अभिलेखागार विभाग के 'अभिलेख दान अभियान' में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने आहवान किया।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जय, अंशिका, दीप्ति व सिया रही प्रथम

बहादुरगढ़। शहर के पीडीएम स्कूल में विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि जागृत करने, पठन कौशल विकसित करने तथा समसामयिक घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कक्षा तीसरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी समाचार-पत्र पठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी के जय व अंशिका, कक्षा चौथी की दीप्ति और 5वीं की सिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने समाचार-पत्रों में प्रकाशित विभिन्न समाचारों का स्पष्ट उच्चारण, उचित लय, प्रवाह एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ वाचन किया। विद्यार्थियों को इससे ना केवल शुद्ध एवं धाराप्रवाह हिंदी पढ़ने का अवसर मिला, बल्कि उनमें सामान्य ज्ञान, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल का भी विकास हुआ। प्रधानाचार्या डॉ. सुमन हुड्डा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाचार-पत्र पठन जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में भाषा कौशल, तार्किक चिंतन और सामाजिक जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार-पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



हैलोवीन थीम पर मनमोहक डांस और समूह प्रस्तुतियों से मोहा मन

बहादुरगढ़। सैनिक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हैलोवीन समारोह उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चे अलग-अलग डरावनी और आकर्षक हैलोवीन वेशभूषा में स्कूल आए। विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां भी दी गईं। बच्चों ने हैलोवीन थीम पर मनमोहक डांस, रैंप वॉक और समूह प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने बच्चों के उत्साह और उनकी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

हिसार रेंज पुलिस महानिरीक्षक कुलदीप सिंह ने बैठक ली

पुलिस कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को हिसार रेंज पुलिस महानिरीक्षक कुलदीप सिंह ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करने तथा ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संवेदनशील परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल का अनुशासित, संगठित एवं मुस्तैद रहना आवश्यक है।

- मॉक ड्रिल में भीड़ नियंत्रण के प्रयोग का किया प्रदर्शन

उन्होंने निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान बैरिकेडिंग की व्यवस्था मजबूत, व्यवस्थित एवं प्रभावी होनी चाहिए। बैरिकेडिंग इस प्रकार की जाए कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात का सुचारू संचालन भी सुनिश्चित रहे। उन्होंने अधिकारियों को ड्यूटी की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा पुलिस कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक के उपरांत उन्होंने पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण कंपनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस जवानों की तैयारियों, उपलब्ध संसाधनों, सुरक्षा उपकरणों एवं दंगा नियंत्रण सामग्री की उपलब्धता का बारीकी से जायजा लिया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों ने भीड़ नियंत्रण, उपद्रवी भीड़ को तितर-बितर करने, आंसू गैस के प्रयोग, कैन शील्ड एवं अन्य एंटी राइट उपकरणों के इस्तेमाल का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए महानिरीक्षक कुलदीप सिंह।

सेप्टिक टैंक से निकाला बरसाती पानी

अनाज मंडी में दिनभर फसल को सुखाने में जुटे रहे श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार सुबह भी दिन की शुरूआत आसमान में छाए काले बादलों से हुई और करीब दोपहर तक बारिश होने की संभावना बनी रही। बाद में दोपहर के समय अचानक एकाएक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में धूप खिल गई। जिसके बाद अनाज मंडी में श्रमिम फसल सुखाने में जुट गए। सांय के समय श्रमिक पैकिंग व उठान कार्य में जुट गए। वहीं मार्केट कमेटी सचिव कुलदीप जाखड़ ने मंडी परिसर में जमा बरसाती पानी को निकालने के लिए टैंक की व्यवस्था की। सेप्टिक टैंक की सहायता से पानी निकासी की गई। अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान विनोद पूनिया ने बताया कि खराब मौसम के चलते पर्याप्त उठान नहीं हो पाया। दोपहर बाद शुरू हुए उठान कार्य में श्रमिकों द्वारा करीब 16सौ क्विंटल बाजरा व 12सौ क्विंटल धान की पैकिंग कर उसका उठान किया। बता दें कि वीरवार की आई बरसात के कारण मंडी परिसर में खुले में रखी फसल भीग गई थी। हालांकि मंडी पहुंचने वाली बाजरे व धान की फसल को आढ़तियों द्वारा प्राइवेट तौर पर खरीदा जा रहा है।



झज्जर। मौसम खुलने पर उठान कार्य में जुटे श्रमिक।



झज्जर। सेप्टी टैंक से बरसाती पानी की निकासी करते कर्मचारी।

बदहाल सड़कों पर पानी से भरे गड्ढे बने परेशानी



बहादुरगढ़। बारिश के चलते बदहाल सड़कों पर पानी से भरे गड्ढे परेशानी का सबब बन गए हैं। गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित है और हादसे की आशंका बनी रहती है। सेक्टर-2 में तो हालात गंभीर हैं। यहां कि अधिकांश सड़कें खराब हैं और बरसात में इन सड़कों से गुजरना आमजन के लिए पीड़ादायक बना हुआ है। कई स्थानों पर थोड़ी-सी दूरी में ही छोटे-बड़े गड्ढों की भरमार है। बारिश के पानी में डूबे गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे वाहन चालकों के लिए निकलना जोखिम भरा हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों के संतुलन बिगड़ने और गिरकर चोटिल होने की आशंका बनी रहती है। सेक्टर-2 में सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए कुछ समय पहले नारियल फोड़ा गया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। सड़क पर गड्ढे और उनमें भरा पानी विकास कार्यों की प्रगति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। महंगे रिहायशी सेक्टर में सड़कों की यह स्थिति बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठाती है। लोगों को बेहतर आवासीय क्षेत्र की कीमत तो चुकानी पड़ रही है, लेकिन सुरक्षित और सुगम सड़क जैसी जरूरी सुविधा नहीं मिल पा रही। रामधन ने कहा कि ये क्षेत्र राजनीति का शिकार हो रहा है। लाखों रुपये प्रति गज की दर से जमीन और करोड़ों रुपये खर्च कर तैयार होने वाले मकानों वाले इस सेक्टर में सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं।

डेढ़ करोड़ में बने रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बागवाला मोहल्ला में हुआ जलभराव दिखाते जसबीर सैनी व अन्य।

जलभराव से राहत के लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एक साल में ही सवालों के घेरे में आ गए हैं। भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि बिना उचित तकनीकी सर्वे और फिजिबिलिटी जांच के कराए गए इन कार्यों का अपेक्षित लाभ नहीं मिला। उन्होंने मामले में अनियमितताओं की आशंका जताते हुए जांच की मांग की। सैनी ने कहा कि बागवाला मोहल्ले सहित जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में सिस्टम लगाने के दौरान बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि अब बरसाती पानी नहीं भरेगा, लेकिन आज भी समस्या बरकरार है। उन्होंने कुछ स्थानों पर सिस्टम में गंदा और सीवरयुक्त पानी जमीन में पहुंचने की शिकायतों का भी जिक्र करते हुए तकनीकी जांच की जरूरत बताई। सैनी ने नगर परिषद से सभी सिस्टम की कार्यशीलता, उपयोगिता, निर्माण लागत और गुणवत्ता की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत देकर उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी और जिम्मेदारी तय करने की मांग उठाई जाएगी।

बरसात ने फेरा किसानों की उम्मीदों पर पानी



बहादुरगढ़। बरसात से एक तरफ जहां मंडियों में पड़ी धान की फसल भीग गई है। खेतों में खड़ी फसलें लुढ़क गई हैं और कटी पड़ी फसलों की बालियां पानी में डूब गई हैं। किसान बहुत ही ज़्यादा परेशान हैं। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश कमेटी अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल व सचिव जयकरण मांडोठी के अनुसार दो दिन की बारिश से मंडियों में पड़ी 13 लाख टन से अधिक धान की फसल भीग गई है। यह फसल अंकुरित होने की आशंका बढ़ गई है। मांडोठी के किसान सतपाल सिंह ने बताया कि खेत में उनकी ढाई एकड़ फसल कटी पड़ी है, पानी में डूबी हुई है और खराब होने के कगार पर है। इसी तरह अन्य किसानों की खेतों में खड़ी धान की फसलें भी बरसात और तेज हवाओं से ढह गई हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। जयकरण मांडोठी का मानना है कि मंडियों में भीग कर फसलें काली पड़ जाएंगी और किसानों को उसके पूरे दाम नहीं मिलेंगे। इस प्रकार किसानों को दोनों जगह खेतों व मंडियों में नुकसान हो रहा है। यदि सरकार 1 अक्टूबर से ही मंडियों में आई फसलों की लगातार खरीद शुरू कर देती और साथ साथ उठान कर लेती तो आज किसानों की फसल बर्बाद नहीं होती। उन्होंने हरियाणा सरकार से बेमौसमी बारिश से बर्बाद हुई फसलों की तुरंत स्पेशल गिरदावरी कराकर मंडियों व खेतों में बर्बाद हुई फसलों के एवज में 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा किसानों को देने की मांग की।

न्यूज डायरी



छारा में सतर्कता को लेकर किया जागरूक

बहादुरगढ़। छारा के चौधरी हरिद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय सतर्कता जागरूकता सप्ताह को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राध्यापकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन, संस्थागत पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छारा के यूको बैंक से आई अनुराधा, मीनू व साहिल ने ने बताया कि भ्रष्टाचार किसी भी संस्था एवं राष्ट्र की प्रगति में बाधक है। इस दौरान बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित सतर्कता के विभिन्न पहलुओं पर भी जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार, डिजिटल लेन-देन में सावधानियां, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं साइबर अपराधों से बचाव तथा अपनी वित्तीय एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।




हीरक जयंती समारोह को लेकर की बैठक

झज्जर। हरियाणा प्रदेश के गठन के साठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक नवंबर को मनाई जाने वाली हीरक जयंती को लेकर जिले में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। रविवार को राजकीय नेहरू पीजी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश की छह दशक की विकास यात्रा, उपलब्धियों और गौरवशाली इतिहास को उत्सव के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यातिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के संदेश व समारोह का लाइव प्रसारण होगा। जिसमें झज्जर के लोगों का जुड़ाव रहेगा। जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी वर्षा खांगवाल ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और कार्यक्रम के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीसी ने की सीएम विंडो, जनसंवाद, एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा

झज्जर। जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले और किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। यह बात डीसी वर्षा खांगवाल ने शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉक्टर सुमिता मिश्रा के साथ वीसी के उपरांत अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने सीएम विंडो, एसएमजीटी समाधान शिविर व जनसंवाद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

दीपावली फेस्ट में छात्राओं ने लगाई स्टॉल



झज्जर। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में शुक्रवार को दीपावली फेस्ट का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर अनुपमा यादव ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग ने की जबकि मुख्यातिथि के रूप में महाराजा अग्रसेन एजुकेशन ट्रस्ट के प्रधान राजकुमार गोयल उपस्थित रहे। इनके अलावा महासचिव गौरव गोयल, उपप्रधान प्रवीण गोयल, कोषाध्यक्ष तरुण सिंघल, प्रमोद बंसल, केशव सिंघल, आनंद सिंघल, बनारसीदास गोयल, दिनेश गोयल आदि भी विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की 20 से अधिक स्टॉल लगाई, जिनमें सजावटी सामान, हस्त निर्मित वस्तुएं, आभूषण, खाद्य सामग्री, उपहार एवं अन्य आकर्षक उत्पाद शामिल रहे। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा, उद्यमशीलता एवं प्रबंधन कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे स्टॉल, आकर्षक सजावट और उत्सवपूर्ण वातावरण ने पूरे महाविद्यालय परिसर को दीपावली के उल्लास से सराबोर कर दिया। मुख्यातिथियों ने सभी स्टॉलों का अवलोकन करते हुए बेहतरीन स्टॉलों की सराहना भी की।

जिले के 48 सरकारी एवं निजी स्कूलों में 39 हजार विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल के मार्गदर्शन में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तीसरे दिन जिले के 48 सरकारी एवं निजी विद्यालयों में जागरूकता शिविर लगाए गए। जिसमें लगभग 39 हजार विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई, साइबर क्राइम पुलिस थाना तथा किशोर न्याय बोर्ड से जुड़े सदस्यों एवं संबंधित विभागों के रिसोर्स पर्सन द्वारा विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही न्यायिक अधिकारी भी विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर बच्चों को जागरूक कर रहे हैं। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुजाना का दौरा किया और विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया।

कल की रैली के लिए कांग्रेसियों ने की तैयारी

■ लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए आयोजित इस रैली में देशभर से लाखों लोग पहुंचेंगे : जून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं से फोन पर संपर्क साधते पूर्व विधायक राजेंद्र जून। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार 1 नवंबर को वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस की ओर से आयोजित होने वाली रैली को लेकर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून शुक्रवार को तैयारियों में जुटे रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से फोन पर संपर्क किया और अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने की अपील की।

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए आयोजित इस रैली में देशभर से लाखों लोग पहुंचेंगे। हरियाणा से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें भाग लेंगे। जून ने बताया कि बहादुरगढ़ से कार्यकर्ताओं का काफिला टिकरी बॉर्डर स्थित आजाद हिंद ग्राम के सामने सुबह साढ़े 9 बजे इकट्ठा होगा और फिर यहां से एक साथ रवाना होंगे। वे कार्यकर्ताओं के साथ काफिले की अगुवाई करते हुए दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का वोट महत्वपूर्ण है। मताधिकार की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है। कांग्रेस इसी मुद्दे को लेकर जनता के बीच आवाज उठा रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचकर लोकतंत्र और अपने मताधिकार की रक्षा के इस अभियान में भागीदारी करें।

जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में युवा शोधार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। विजेता टीम के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए मुख्यातिथि।

राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में इंडियन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 32वीं जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। डीपीसी अनिल शर्मा ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में नवाचार के नए विचारों के साथ 29 टीमों ने उत्कृष्ट भागीदारी की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए जुलाई एवं अगस्त माह में पंजीकरण हुए थे। जिला समन्वयक वंदना भारद्वाज तथा जिला अकेडमिक समन्वयक पुनीता चौधरी ने जुलाई माह से ही कार्यक्रम संबंधित सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से गाइड शिक्षकों एवं विद्यार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सततता के लिए विज्ञान में नवाचार विषय के अंतर्गत अपने शोध-आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता मदन सिंह, डॉक्टर रश्मि, जीव विज्ञान के प्रवक्ता तरंग हुड्डा व वीरु टोकस, भौतिकी विज्ञान की प्रवक्ता पिंकी कादियान व ममता शामिल रहे। प्रतियोगिता परिणामों में बाल भारती स्कूल बहादुरगढ़, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलाव व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुंबाहेड़ी की टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। चयनित टीमें आगामी 27-28 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस मौके पर एपीसी विशाल दहिया व प्राचार्य रमेश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

प्रतिबंध के बावजूद पटाखों का चोरी-छिपे कारोबार



बहादुरगढ़। प्रदूषण के चलते पटाखों की बिक्री, निर्माण और भंडारण पर रोक है। पुलिस की ओर से छापेमारी की जा रही है। इसके बावजूद कुछ कारोबारी प्रतिबंधों को दरकिनार कर पटाखे बेचने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए इंटरनेट को जरिया बनाया जा रहा है। बहुत से लोगों द्वारा पटाखों की बिक्री के लिए व्हाट्सएप स्टेटस को भी माध्यम बनाया जा रहा है। स्टेटस के जरिए पटाखे उपलब्ध होने की जानकारी देकर ग्राहकों को निजी तौर पर संपर्क करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस तरह से खुलेआम दुकान पर पटाखे बेचने के बजाय डिजिटल माध्यमों के जरिए ग्राहकों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। इंटरनेट पर कुछ वेबसाइट्स भी इस कार्य में जुटी हैं। प्रतिबंध के बीच ऑनलाइन पटाखा बिक्री भी प्रशासन के लिए चुनौती बन सकती है। पटाखों का छिपाकर भंडारण केवल नियमों के उल्लंघन का मामला नहीं है, बल्कि इससे आग लगने और विस्फोट जैसी घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पटाखों का भंडारण आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।

विकास

दुकानदारों ने वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर जताया विधायक राजेश जून का आभार

मेन बाजार में शौचालय निर्माण का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आखिरकार शहर के मेन बाजार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होने जा रहा है। शुक्रवार को विधायक राजेश जून ने पार्षदों, नगर परिषद अधिकारियों व दुकानदारों के साथ इसके निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। प्राथमिक पाठशाला के साथ करीब 16 लाख रुपए की लागत से इस सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होगा। दरअसल, मेन बाजार में शौचालय का अभाव दुकानदारों के साथ ही ग्राहकों के लिए भी सालों से मुसीबत बना हुआ था। इसके निर्माण से बाजार में खरीदारी करने आने वाले नागरिकों विशेषकर महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। शुक्रवार को निर्माण कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक राजेश जून का मेन बाजार के दुकानदारों ने जोरदार स्वागत किया। दुकानदारों ने वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के लिए विधायक का आभार जताया। विधायक राजेश जून ने मौके पर मौजूद नगर परिषद के अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक शौचालय के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पूरा करने पर जोर दिया। राजेश जून ने कहा कि मेन बाजार शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। चुनाव के दौरान भी दुकानदारों ने सार्वजनिक शौचालय बनवाने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। लोगों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सार्वजनिक शौचालय का निर्माण शुरू करवा दिया है। इसके बनने के बाद बाजार में आने वाले लोगों को प्रसाधन सुविधा मिलेगी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अनिल भाटिया, हरीश पाहवा, प्रवीण किंद्रा, अनिल खुराना, जयभगवान पहलवान, पार्षद अशोक शर्मा, सत्यप्रकाश छिकारा, राजेश मकड़ौली, हरिमोहन धाकरे, अनिल सिंगल व पवन रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर शौचालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

DIWALI DHAMAKA SALE

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

31 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

JHAJJAR | BAHADURGARH | DIGHAL

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY 1 GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

BUY 1 GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY 1 GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY 1 GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

BUY 1 GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.